आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 रविवार 11.08.2024

<u>मुख्य समाचारः–</u>

1– प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली में अधिक उपज, जलवायु अनुकूल और जैव सशक्त फसलों की एक सौ नौ किस्में जारी की।

2– राजधानी रायपुर में कल हाथियों के संरक्षण और संवर्धन पर ‘‘विश्व हाथी दिवस‘‘ कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा–केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव होंगे शामिल।

3– प्रदेश के शासकीय स्कूलों में बच्चों को मिड डे मील से पहले पौष्टिक नाश्ता दिया जाएगा–कोरबा जिले के पोड़ीउपरोड़ा में आयोजित कार्यक्रम में वाणिज्य उद्योग और श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन करेंगे शुभारंभ।

4– दंतेवाड़ा जिले में सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच हुई मुठभेड़ में एक लाख रूपए का इनामी माओवादी मारा गया।

<u>प्रधानमंत्री–फसल किस्म</u>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली के भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान में अधिक पैदावार वाली, जलवायु अनुकूल और जैव सशक्त फसलों की एक सौ नौ किस्में जारी की। इन किस्मों में इकसठ फसलें शामिल हैं, जिनमें चौंतीस खेती की तथा सत्ताईस बागवानी की फसलें हैं। खेती की फसलों में बाजरा, तिलहन, दलहन, गन्ना, कपास और अन्य फसलों के बीज शामिल हैं। बागवानी फसलों में फल, सब्जी, कंदमूल, मसाले, फूल और औषधि पौधों के बीज हैं।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने किसानों और वैज्ञानिकों से बातचीत भी की। नई फसल किस्मों पर प्रधानमंत्री ने कहा कि इनसे कृषि में मूल्यवर्धन होगा। किसानों ने कहा कि नई किस्मों से उनके खर्चों में कमी आएगी और पर्यावरण पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

<u>उप मुख्यमंत्री–समीक्षा</u>

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अधिकारियों से कार्ययोजना बनाकर समय–सीमा में काम पूरा करने को कहा है। उपमुख्यमंत्री ने यह बात रायपुर में प्रदेश के सभी मुख्य कार्यपालन अधिकारी की बैठक में कही। बैठक में उन्होंने पंचायत और ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत चल रहे कार्यों की समीक्षा की। उपमुख्यमंत्री ने सभी सीईओ से कहा कि शासन की सभी योजनाएं धरातल पर दिखाई दें। श्री शर्मा ने प्रत्येक जिले के स्वीकृत, पूर्ण और अपूर्ण आवासों की स्थिति की जानकारी ली। बैठक में उपमुख्यमंत्री ने पीएम जनमन योजना, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, अमृत सरोवर, भारत नेट और ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत चल रहे कार्यों की भी समीक्षा की।

<u>वित्त मंत्री–सम्मान समारोह</u>

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा है कि प्रदेश में बाईस नालंदा परिसर जल्द शुरू किए जाएंगे। इसमें रायगढ़ भी शामिल हैं। इसके साथ ही अगले महीने से रायगढ़ में प्रयास आवासीय विद्यालय प्रारंभ हो जाएंगे। इसमें विद्यार्थी विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क तैयारियां कर सकते है। यह घोषणा वित्त मंत्री ने कल रायगढ़ में साहू समाज द्वारा आयोजित प्रतिभा सम्मान

समारोह और कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम में की। इस दौरान उन्होंने समाज के चौरासी प्रतिभावान बच्चों को शील्ड और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

हर–घर तिरंगा अभियान

हर घर तिरंगा' अभियान के तहत प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में राजनांदगांव में भारतीय जनता पार्टी के युवा मोर्चा द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गई, जिसे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह ने झंडी दिखाकर रवाना किया।

वहीं, वित्त मंत्री ओपी चौधरी रायगढ़ जिले के ग्राम छींच में 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान गांव के युवाओं और बच्चों ने रैली निकाली और स्व–सहायता समूह की दीदियों ने मानव श्रृंखला बनाकर तिरंगे का सम्मान किया। इस अवसर पर वित्त मंत्री ने ग्रामीण, युवाओं, और बच्चों को स्वतंत्रता सेनानियों और वीर सपूतों की भावनाओं का सम्मान करने और देश की प्रगति के लिए समर्पित रहने की शपथ दिलाई।

उधर, मुंगेली जिले के विकासखंड मुंगेली, पथरिया और लोरमी के विभिन्न स्कूलों में "हर घर तिरंगा" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों, शिक्षकों, एन.सी.सी. और एन.एस.एस., कैडेटों ने तिरंगा रैली निकली। वहीं, जिले में कल तिरंगा और मैराथन दौड़ का आयोजन किया जाएगा।

इधर, हर घर तिरंगा अभियान के तहत मोहला–मानपुर जिले के ग्राम पंचायत खुर्सीटीकूल, भड़सेना, आमाटोला, केसला, अरजकुंड, हितागुटा, हालमकोड़ो में तिरंगा रैली, तिरंगा दौड़, शपथ ग्रहण आयोजित किया गया। इस दौरान आम जनों को राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा का वितरण किया गया।

विश्व हाथी दिवस–कार्यक्रम

विश्व हाथी दिवस के अवसर पर राजधानी रायपुर में कल हाथियों के संरक्षण और संवर्धन पर ''विश्व हाथी दिवस'' कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव होंगे। वहीं, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और वन मंत्री केदार कश्यप विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम में केन्द्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के वनमहानिदेशक जितेन्द्र कुमार भी हिस्सा लेंगे। इसका आयोजन केन्द्रीय पर्यावरण, वन तथा जलवायु परिवर्तन मंत्रालय तथा छत्तीसगढ़ के वन और जलवायु परिवर्तन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है।

केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव अपने रायपुर दौरे के दौरान तेरह अग्रस्त को नंदनवन जंगल सफारी में ''एक पेड़ मां के नाम'' अभियान के अंतर्गत पौधा रोपण करेंगे। साथ ही स्कूल छात्राओं से संवाद करेंगे।

स्कूल–पौष्टिक नाश्ता

प्रदेश के शासकीय स्कूलों में बच्चों को मिड डे मील से पहले पौष्टिक नाश्ता दिया जाएगा। इस पोषण आहार नाश्ता कार्यक्रम की शुरूआत एनटीपीसी के जमनीपाली स्थित शासकीय प्राथमिक और माध्यमिक शाला से कल होगी। शुभारंभ कार्यक्रम में वाणिज्य उद्योग और श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन शामिल होंगे। पहले चरण में कोरबा विधानसभा और पोड़ी उपरोड़ा ब्लॉक में योजना की शुरुआत की जा रही है। इस योजना का लाभ चालीस हजार से अधिक बच्चों को मिलेगा।

गौरतलब है कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में मिड डे मील के साथ सरकारी या सहायता प्राप्त स्कूलों में बच्चों को नाश्ता मुफ्त मुहैया कराने का प्रावधान रखने का भी प्रस्ताव है। इसके तहत स्कूली बच्चों को स्कूल पहुंचते ही पोषक तत्वों से भरपूर नाश्ता दिया जाना है।

स्वाइन फ्लू

जांजगीर–चांपा जिले के लछनपुर में स्वाइन फ्लू के दो नये मरीज मिले हैं। बीते दिनों दो महिलाओं की मौत के बाद कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग में ये दोनों मरीजों पाए गए हैं, जिन्हें होम आयसोलेट किया गया है। स्वास्थ्य विभाग लगातार निगरानी कर रहा है।

बलौदाबाजार–गुणवत्ता आश्वासन प्रमाण

बलौदाबाजार जिला अस्पताल को स्वास्थ्य सुविधाओं में बेहतर कार्य के लिए राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण पत्र मिला है। अस्पताल में दी जा रही पन्द्रह विभागों की सेवाओं का दिल्ली से आई राष्ट्रीय जांच टीम ने तीन दिनों तक निरीक्षण किया। इसके बाद जिला अस्पताल को प्रमाण पत्र जारी किया गया है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने अस्पताल को मिली इस उपलब्धि के लिए बधाई दी है। गौरतलब है कि जिला अस्पताल को इससे पहले भी यह प्रमाण पत्र मिल चुका है।

मिनीमाता–पुण्यतिथि

छत्तीसगढ़ की प्रथम महिला सांसद मिनीमाता की आज पुण्यतिथि है। इस अवसर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राजनांदगांव के नया बस स्टैण्ड स्थित सतनाम भवन में मिनीमाता की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह, सांसद संतोष पाण्डेय और विधायक गुरू खुशवंत साहेब सहित अनेक जनप्रतिनिधि और नागरिक उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने कहा है कि मिनीमाता ने अपना पूरा जीवन मानव सेवा के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने दलितों के अधिकारों के साथ बाल विवाह और दहेज प्रथा के विरोध में समाज से लेकर संसद तक अपनी आवाज उठाई।

माओवादी–मुठभेड़

दंतेवाड़ा जिले में सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच हुई मुठभेड़ में एक लाख रूपए का इनामी माओवादी मारा गया है। मिली जानकारी के अनुसार डीआरजी और बस्तर फाइटर्स की टीम करीब पन्द्रह माओवादियों के होने की सूचना पर गश्त पर निकली थी। इसी दौरान गुमलनार, गिरसापारा और करकावाडा के जंगल में माओवादियों ने सुरक्षा बलों पर फायरिंग शुरू कर दी। जवानों ने भी जवाबी कार्रवाई की। इस मुठभेड़ में मिलिशिया प्लाटून कमांडर पल्लेवाया मारा गया। सुरक्षा बलों ने घटनास्थल से माओवादी का शव, बीजीएल लांचर, बीजीएल सेल, विस्फोटक, आईईडी, वर्दी सहित माओवादी सामग्री बरामद किया है।

शिक्षक–निलंबित

बिलासपुर कलेक्टर अविनाश शरण ने मटयारी के सरकारी स्कूल की छात्राओं से बर्तन धुलवाने की शिकायत के बाद स्कूल की दो शिक्षिकाओं को निलंबित कर दिया है। वहीं, कलेक्टर ने इस मामले में मटियारी हाई स्कूल के प्रभारी प्राचार्य, बिल्हा की विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी और विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। कलेक्टर ने इस मामले की प्राथमिक जांच के आधार पर मटियारी प्राथमिक शाला में पदस्थ प्रधान पाठक और पांच शिक्षकों को बिल्हा से अन्य विकासखण्डों में पदस्थ करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही स्कूल के सफाई कर्मी को सेवा से पृथक कर दिया गया है।

गौरतलब है कि इस मामले में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कलेक्टर को कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे।

<u>संक्षिप्त समाचार</u>

– वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी ने रायपुर के डिप्टी रजिस्ट्रार मंजूषा मिश्रा, तत्कालीन डिप्टी रजिस्ट्रार सुशील देहरी और दुर्ग की तत्कालीन डिप्टी रजिस्ट्रार शशिकांत पात्रे को गलत पंजीयन और सरकार को राजस्व का नुकसान पहुंचाने के मामले में निलंबित कर दिया है।

– भाजपा महिला मोर्चा द्वारा आज रायपुर स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में सावन मेला का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा की पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल, भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडेय, लता उसेंडी और महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े शामिल हुई

– जांजगीर–चाम्पा के बलौदा क्षेत्र के छाता जंगल में जंगली हाथी विचरण कर रहा है। वन विभाग ने जंगली हाथी को खदेड़ने के लिए बिलासपुर के अचानकमार से कुमकी हाथी को लाया है।

– जांजगीर–चांपा जिले के अमोदा गांव में डायरिया के चार नए मरीज मिले हैं। गांव में स्वास्थ्य विभाग शिविर लगाकर मरीजों की जांच कर रही है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>